भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद नहीं बनाया रेन वाटर हार्वेस्टिंग, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने समीक्षा बैठक में राशि राजसात करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में बरसात को देखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर आयुक्त ने समीक्षा ली। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोगों ने भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया है। निगम आयुक्त ने ऐसे लोगों की नियम अनुसार राशि राजसात करने के निर्देश दिए हैं , प्रारंभिक तौर पर 92 लोगों का चयन किया गया है जिनकी राशि राजसात की जाएगी। इन सभी को नोटिस जारी करने के साथ ही तीन बार प्रकाशन के माध्यम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग की राशि राजसात करने संबंधी सूचना दी जा चुकी है। फिर भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इन्होंने नहीं तैयार किया है , इनकी एफडीआर की जमा राशि के मुताबिक राशि राजसात होगी और इन्हीं राशि से नगर निगम भिलाई रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इनके घरों में बनाएगा। वर्ष 2011 से 4000 लोगों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया था, परंतु निगम के नोटिस जारी करने के बाद से लगभग 3000 लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया है जिसमें से कई लोग रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए अभी भी बचे हुए हैं , इन पर निगम सख्ती अपनाएगा। उल्लेखनीय है कि घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना अनिवार्य है। बरसात के पानी को सहेजने एवं भूगर्भ में बरसाती पानी को भेजने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया जाता है। इस सिस्टम से वाटर रिचार्ज एवं वाटर लेवल बना रहता है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने शासन की योजनाओं के कार्यों की जानकारी ली, वन होम वन ट्री अभियान की समीक्षा, नाला सफाई की समीक्षा एवं पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने नालियों से अतिक्रमण हटाकर नालियों की सफाई किए जाने को लेकर अधिकारियों की पीठ भी थपथपाई और कहीं भी जलभराव नहीं होने देने के निर्देश दिए, बारिश को देखते हुए सदैव अलर्ट रहने अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त रमाकांत साहू , प्रभारी अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी , जॉन आयुक्त मनीष गायकवाड, येशा लहरें, अमिताभ शर्मा एवं एनआर रत्नेश, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, डीके वर्मा, टीके रणदिवे, सुनील दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख आदि मौजूद रहे।